संख्या- 12/1189/22-4-14-48(12)/10

प्रेषक,

आर0 के0 द्विवेदी
उप सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं
उ0प्र0, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं अनुभाग 4 लखनऊ दिनांक- 17 अक्टूबर,2014

विषय- आदर्श कारागार, लखनऊ में स्थापित प्रिन्टिग प्रेस के लिए मिनी आफसेट मशीन क्रय किये जाने हेतु प्रशासकीय/वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या- 25156/उघोग-6/128/2010, दिनांक- 08-09-2014 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय द्वारा आदर्श कारागार, लखनऊ में स्थापित प्रिन्टिग प्रेस के लिए मिनी आफसेट मशीन के क्रय हेतु रू0 5,20,000/- ( रूपया पॉच लाख बीस हजार मात्र) का प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए उक्त धनराशि की वित्तीय स्वीकृति निम्न शर्तों के अधीन सहर्ष प्रदान करते हैं -

(1) उक्त मशीन/उपकरण का क्रय भण्डार क्रय निमयों एवं सगंत नियमों/शासनादेशों में उल्लिखित व्यवस्था के अनुसार क्रय प्रक्रिया के अन्तर्गत सभी औपचारिकता की पूर्ति करते हुए किया जायेगा। यह दायित्व महानिरीक्षक कारागार का होगा।

(2) स्वीकृत धनराशि का उपयोग दिनांक 31-03-2015 तक कर लिया जायेगा।

(3) स्वीकृत की जा रही धनराशि बैंक खाते अथवा पी0एल0ए0 में नहीं रखी जायेगी।

(4) धनराशि जिस प्रयोग हेतु स्वीकृत की जा रही है उसी पर व्यय की जायेगी। व्यय के पश्चात यदि कोई धनराशि शेष बचती है तो वह राजकोष में जमा कर दी जायेगी।

2- उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय वर्तमान चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या- 25 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक "2056-आयोजनेत्तर के अन्तर्गत लघुशीर्ष 102-जेल उत्पाद-03-समस्त कारागार-26-मशीने और सज्जा/उपकरण और संयंत्र के नामे डाला जायेगा और उक्त लेखाशीर्षक के अन्तर्गत उपलब्ध बजट प्राविधान से वहन किया जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-12-1557/दस-2014, दिनांक-16-10-2014 को प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(आर0के0द्विवेदी)
उप सचिव

संख्या-12/1189(1)/22-4-14-तददिनांकित-

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

(1) महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी) उ0प्र0, इलाहाबाद।
(2) वित्त नियंत्रक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं, उ0प्र0, लखनऊ
(3) मुख्य कोषाधिकारी ,जवाहर भवन, लखनऊ।
(4) निदेशक, वित्तीय सांख्किीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
(5) वित्त ( व्यय नियंत्रण) अनुभाग-12/वित्त (आय- व्ययक) अनुभाग-1/2
(6) गार्ड फाईल।

आज्ञां से,

(आर0के0द्विवेदी)
उप सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in